INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL, TABUK

TERM- 1 (SESSION: 2025-26)

PRACTICE SHEET 1

CLASS: VIII **SUBJECT: HINDI**

TOPIC: LESSON 1&2

Q I	LESSON 1 : लाख की चूड़ियाँ **कहानी से** **1.** बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था? **2.** वस्तु-विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित प्रद्धति क्या है? **3.** 'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं।'-इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है? **4.** मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?
Q II	गदयांश को पढ़ कर दिये प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए । *वैसे तो मामा के गाँव का होने के कारण मुझे बदलू को 'बदलू मामा' कहना चाहिए था परंतु मैं उसे 'बदलू मामा' न कहकर बदलू काका कहा करता था जैसा कि गाँव के सभी बच्चे उसे कहा करते थे। बदलू का मकान कुछ ऊँचे पर बना था। मकान के सामने बड़ा-सा सहन था जिसमें एक पुराना नीम का वृक्ष लगा था। उसी के नीचे बैठकर बदलू अपना काम किया करता था। बगल में भट्ठी दहकती रहती जिसमें वह लाख पिघलाया करता। सामने एक लकड़ी की चौखट पड़ी रहती जिस पर लाख के मुलायम होने पर वह उसे सलाख के समान पतला करके चूड़ी का आकार देता। पास में चार-छह विभिन्न आकार की बेलननुमा मुँगेरियाँ रखी रहती जो आगे से कुछ पतली और पीछे से मोटी होतीं। लाख की चूड़ी का आकार देकर वह उन्हें मुंगेरियों पर चढ़ाकर गोल और चिकना बनाता और तब एक-एक कर पूरे हाथ की चूड़ियाँ बना चुकने के पश्चात वह उन पर रंग करता।* Question 1. बदलू कहाँ का रहने वाला था? (a) लेखक के गाँव का(b) लेखक के पड़ोस के गाँव का (c) लेखक के मामा के गाँव का(d) इनमें से कोई नहीं Question 2. लेखक बदलू को 'बदलू काका' क्यों कहता था? (a) क्योंकि वह लेखक के गाँव का था(b) क्योंकि गाँव के सभी बच्चे उसे बदलू काका ही कहते थे (c) क्योंकि वह इसी नाम से खुश होता था(d) क्योंकि वह लेखक का चाचा था। Question 3. बदलू कहाँ बैठकर अपना काम करता था? (a) ऑफिस में(b) अपने घर के अंदर (c) नीम के पेड़ के नीचे(d) एक झोपड़ी में

	Question 4. भट्ठी में बदलू क्या पिघलाया करता था? (a) चूड़ी(b) लाख(c) तांबा(d) मोम Question 5. लाख की चूड़ियाँ बनाने के लिए बदलू किसका प्रयोग करता था? (a) मोम (b) गोलबास (c) बोलननुमा मुंगेरियाँ (d) लकड़ी की कटोरियाँ Question 6. बदलू लाख की चूड़ियाँ कैसे बनाता था? (a) पहले लाख को मुलायम करता था(b) मुंगरियों पर चढ़ाकर फिर चूड़ियों को गोल आकार देता था (c) फिर उन पर रंग करता(d) उपर्युक्त सभी
Q III	शब्दार्थ : 1चाव , 2 सलाख ,3 खपत, 4 कसर , 5 नाजुक ,6 पगड़ी ,7 फबना
QI	LESSON 2 : बस की यात्रा **कारण बताएँ** **1.** "मैंने उस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ़ पहली बार श्रद्धाभाव से देखा।" लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गई? **2.** "लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते • लोगों ने यह सलाह क्यों दी? **3.** "ऐसा जैसे सारी बस ही इंजन है और हम इंजन के भीतर बैठे हैं।" • लेखक को ऐसा क्यों लगा? **4.** "मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था।" • लेखक पेड़ों को दुश्मन क्यों समझ रहा था?
Q II	शब्दार्थ : 1 निमित्त , 2 गोता 3 इतफाक 4 बियाबान 5 प्रयाण 6 बेताबी
Q III	गदयांश को पढ़ कर दिये प्रश्नों का सही विकल्प चुनिए । *इंजन सचमुच स्टार्ट हो गया। ऐसा, जैसे सारी बस ही इंजन है और हम इंजन के भीतर बैठे हैं। काँच बहुत कम बचे थे। जो बचे थे, उनसे हमें बचना था। हम फ़ौरन खिड़की से दूर सरक गए। इंजन चल रहा था। हमें लग रहा था कि हमारी सीट के नीचे इंजन है। बस सचमुच चल पड़ी और हमें लगा कि यह गांधी जी के असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलनों के वक्त अवश्य जवान रही होगी। उसे ट्रेनिंग*

मिल चुकी थी। हर हिस्सा दूसरे से असहयोग कर रहा था। पूरी बस सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौर से गुजर रही थी। सीट का बॉडी से असहयोग चल रहा था। कभी लगता सीट बॉडी को छोड़कर आगे निकल गई है। कभी लगता कि सीट को छोड़कर बाडी आगे भागी जा रही है। आठ-दस मील चलने पर सारे भेदभाव मिट गए। यह समझ में नहीं आता था कि सीट पर हम बैठे हैं या सीट हम पर बैठी है।

Question 1.
इंजन सचमुच स्टार्ट हो गया वाक्य में लेखक का कहने का अभिप्राय क्या है?
(a) बस की सुंदर स्थिति के कारण(b) ड्राइवर के दयनीय स्थिति को देखकर
(c) बस की दशा और पहलीबार में ही स्टार्ट होने के कारण(d) बस की हालत को देखकर

Question 2.
लेखक को ऐसा क्यों लग रहा था कि हम इंजन के भीतर बैठे हैं?
(a) सरदी के कारण(b) परेशानी के कारण
(c) उनके उम्र के कारण(d) शोर और कंपन के कारण

Question 3.
उपरोक्त गद्यांश में गांधी जी के किस आंदोलन का वर्णन है?
(a) असहयोग आंदोलन(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(c) उपर्युक्त दोनों (d) कोई नहीं

Question 4.
गद्यांश में बस की दशा के बारे में क्या पता चलता था?
(a) बस अच्छी हालत में थी(b) बस की हालत दयनीय थी
(c) बस खराब थी(d) पता नहीं

Question 5.
आठ-दस मील के बाद बस की चाल में क्या परिवर्तन आया?
(a) बस का टायर खराब हो गया(b) बस खराब हो गई
(c) बस सहज हो गई, बिलकुल आराम से चलने लगी(d) बस काफ़ी तेज़ी से चलने लगी।